# भारत सरकार
# रेल मंत्रालय
# रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन- 06/2024 गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व स्नातक)

**गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां ( पूर्व स्नातक) पद हेतु कंप्यूटर – आधारित परीक्षा (सी.बी.टी-1) की संशोधित संभावित तिथियां,सिटी इंटिमेशन स्लिप व हेल्पडेस्क लिंक के बारे में सूचना।**

1) दिनांक 02.07.2025 के नोटिस के अतिरिक्त, उपरोक्त सीईएन के लिए संशोधित संभावित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | केन्द्रीकृत रोजगार | परीक्षा | परीक्षा तिथियां |
|---|---|---|---|
| 1 | सीईएन- 06/2024 | गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व स्नातक) पदों के लिए (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) | 07 अगस्त 2025 से 09 सितम्बर 2025 तक (19 दिन) |

2) परीक्षा शहर व तिथि देखने और एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर अब लाइव है।

3) ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा-शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लेखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरु होगी।

4) जिन अभ्यर्थियों की सिटी इंटीमेशन स्लिप सक्रिय हो गई है, उन्हें आवेदन भरने के दौरान प्रयुक्त उनकी पंजीकृत आईडी पर एसएमएस और ईमेल भेजे जा रहे है।

5) उम्मीदवार www.rrbapply.gov.in पर जाकर अपने क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके अपना आवेदन पंजीकरण नम्बर प्राप्त कर सकते हैं वे अपना पासवर्ड पुनः प्राप्त करने के लिए लॉगिन पेज में दिए गये फॉरगेट पासवर्ड लिंक का भी उपयोग कर सकते हैं।

6) किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण की आवश्यकता होने पर अभ्यर्थी हेल्पडेस्क संपर्क नंबर 9513166169 का उपयोग कर सकते हैं। हेल्पडेस्क का समय- सोमवार से शनिवार- सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक।

7) सिटी इन्टीमेशन लिंक से लॉगिन करने के बाद एक हेल्पडेस्क लिंक भी उपलब्ध कराया गया है।

8) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पर नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

9) उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते है। आरआरबी में चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होता है, और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर होती है।

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

दिनांक:29.07.2025